
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**02 नवंबर 2024**


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बिना अपना आपा और आत्मविश्वास खोये कुछ भी सुन सकने की योग्यता ही शिक्षा है।

**अल्बर्ट आइंस्टाइन**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 02 नवम्बर

S a t u r d a y

1. **मॉरिशस में अप्रवासी दिवस–** 2 नवम्बर, 1834 ई. को एटलस नाम का जहाज 36 भारतीय मजदूरों को कलकत्ता बंदरगाह से लेकर मॉरिशस के पोर्ट लुई पहुँचा था। उपनिवेशवादी ब्रिटिश शासनकाल में बड़ी तादाद में भारतीयों सहित अनेक देशों के लोगों को यहां की लहलहाती गन्नें की फसलों में मजदूरी के लिए लाया गया था। पोर्ट लुई के बंदरगाह पर बनी सोलह सीढ़ियां एक स्मृति स्थल के रूप में विश्व विरासत स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। इस दिन मॉरिशस में अप्रवासी दिवस मनाते हैं। मॉरिशस को लघु भारत कहा जाता है। आजादी से पहले बड़ी संख्या में यूपर और बिहार के लोगों को मजदूरी के लिए यहां लाया गया था। इन्हें गिरमिटिया भी कहते हैं। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुईस है। यहाँ के लगभग 54 प्रतिशत लोग हिन्दू हैं। मॉरिशस द्वीप विलूप्त डोडो पक्षी के लिए भी याद किया जाता है।



ममता कालिया

(02 नवम्बर 1940)



महेंद्रलाल सरकार

जन्म 2 नवंबर 1833-23 फरवरी 1904

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

2 नवंबर

## मधु प्रिया

# महेन्द्रलाल सरकार का जन्म 2 नवम्बर



महेन्द्रलाल सरकार का जन्म कलकता के पास पाइकपाड़ा (मुसिरहाट) नामक गाँव में हुआ था जो हावड़ा जिला के अन्तर्गत आता था। उनके पिताजी का नाम तारकनाथ सरकार था। कम आयु में ही उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। जब वे 5 वर्ष के थे तो उनके पिता का देहान्त हो गया और जब 9 वर्ष के थे उनकी माँ का निधन हो गया। उनकी माँ उनके मामा के घर कोलकाता में आ गयीं थीं और उनकी मृत्यु के पश्चात उनका पालन-पोषण अपने मामा के घर ही हुआ जो कलकाता के नेबूतला में था। भारत के एक चिकित्सक, समाजसुधारक, तथा वैज्ञानिक चेतना के प्रसारक नेता थे। 'इण्डियन एसोसियेशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साईन्स' की स्थापना उन्होने ही की थी। वे कलकता मेडिकल कॉलेज के दूसरे स्नातक मेडिकल डॉक्टर थे। यद्यपि उन्होने एलोपैथी की शिक्षा ली थी, उन्होने होमियोपैथी को अपनाया और उसी के माध्यम से चिकित्सा की। अपने व्यावसायिक जीवन में उन्होने उस युग के कई महान व्यक्तियों की चिकित्सा की थी, जैसे- बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय, रामकृष्ण परमहंस, त्रिपुरा के महाराज आदि। 1840 में एक नि:शुल्क छात्र के रूप में हेयर स्कूल में दाखिला ले लिया । 1849 में, उन्होंने जूनियर छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की और हिंदू कॉलेज में शामिल हो गए , जहां उन्होंने 1854 तक अध्ययन किया। उस समय, हिंदू कॉलेज में शिक्षण की सुविधाएं नहीं थीं। विज्ञान और चूँकि वह चिकित्सा का अध्ययन करने पर आमादा थे, इसलिए उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित हो गए ।वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के फेलो और मानद मजिस्ट्रेट और कलकत्ता के शेरिफ (1887) थे। उन्हें 1883 में सीआईई बनाया गया और 1898 में कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ।23 फ़रवरी 1904 को इनकी मृत्यु हो गई।

/teachersofbihar



भारत के गौरव, ओलंपिक पदक विजेता, पहलवान

# योगेश्वर दत्त जी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

योगेश्वर दत्त (जन्म: 2 नवंबर 1982) एक भारतीय कुश्ती खिलाड़ी हैं। इन्होंने 2012 ग्रीष्मकालीन ऑलंपिक्स में कुश्ती की 60 किग्रा फ़्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 में योगेश्वर दत्त ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में फ्रीस्टाइल कुश्ती में कनाडाई पहलवान को हराकर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। 2012 में भारत सरकार द्वारा इन्हें राजीव गाँधी खेल रत्न का सम्मान दिया गया।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.11.2024


## प्रेरणा

### बिहार राज्य खेल प्राधिकरण

इस योजना का उद्देश्य विभिन्न खोज प्रतियोगिताओं द्वारा चयनित खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन तक उच्चतम प्रशिक्षण के साथ अच्छी गुणवत्ता के खेल संबंधी उपकरणों की पहुंच को सुनिश्चित करना तथा उनके प्रदर्शन में सुधार लाना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के खिलाड़ियों को वर्ष में एक बार 1.5 लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लक्ष्य स्थानीय स्तर या राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलडियों के साथ जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल लाने वाले तथा सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सहायता राशि प्रदान करना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

CRICKET



# भारत का साउथ अफ्रीका दौरा 2024

## T20 सीरीज पूरा शेड्यूल

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहला T20 | IND VS SA | 8 नवंबर | डरबन |
| दूसरा T20 | IND VS SA | 10 नवंबर | केबरहा |
| तीसरा T20 | IND VS SA | 13 नवंबर | सेंचुरियन |
| चौथा T20 | IND VS SA | 15 नवंबर | जोहांसबर्ग |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

HAPPY BIRTHDAY



## ममता कालिया

02 नवम्बर 1940

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

# जयंती पर नमन



## महेन्द्रलाल सरकार

**जन्म 2 नवंबर 1833**

**मृत्यु 23 फरवरी 1904**

Madhu priya

www.teachersofbihar.org